## अरामबाई तेंगगोल

मणिपुर की इंफाल घाटी में [विधानसभा सदस्यों](#) (विधायकों) ने **अरामबाई तेंगगोल** (AT), जो कि एक **मैतेई कट्टरपंथी समूह है,** के लोगों की शिकायतों एवं मांगों को केंद्र के समक्ष प्रस्तुत करने का समर्थन किया है।

- **अरामबाई तेंगगोल** की शुरुआत वर्ष 2020 में एक सांस्कृतिक संगठन के रूप में हुई थी, किंतु कुछ ही समय में इसका स्वरुप एक कट्टरपंथी संगठन का हो गया।
  - इस पर **मई 2023 में हुए कई मैतेई-कुकी संघर्षों** में शामिल दो कट्टरपंथी मैतेई संगठनों में से एक होने का संदेह है।
- यह एक पुनरुत्थानवादी संगठन भी है जिसका उद्देश्य मैतेई समुदाय के लोगों के बीच **पूर्व-हिंदू, मूल सनमाही धर्म** की पुनर्स्थापना करना है।

---

## वांडरिंग अल्बाट्रॉस



//

हाल के एक अध्ययन में **वांडरिंग अल्बाट्रॉस (Diomedea exulans-डायोमेडिया एक्सुलान्स)** की सुभेद्यता को उजागर करने के कारण यह प्रजाति चर्चा में है।

- वांडरिंग अल्बाट्रॉस **3.5 मीटर** के पंखों वाला सबसे बड़ा उड़ने वाला पक्षी है। यह अपने 60 वर्ष के जीवनकाल का अधिकांश समय समुद्र में बिताता

है।

- मुख्य रूप से दक्षिणी महासागर और आसपास के द्वीपों में पाया जाता है, जिसमें **मैरियन तथा प्रिंस एडवर्ड द्वीप समूह** दुनिया की आधी प्रजनन आबादी का समर्थन करते हैं।
- यह यौन परिपक्वता तक पहुँचने के बाद लगभग हर दो साल में भूमि पर प्रजनन करता है।

- IUCN की रेड लिस्ट के अनुसार **यह सुभेद्य (vulnerable)** है,और मछली पकड़ने वाले ट्रॉलरों से मछली पकड़ने, प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन जैसे खतरों का सामना कर रहा है।
  - अल्बाट्रॉस गर्मी और उपयुक्त आवास के लिये निचले, तटीय स्थलों को पसंद करते हैं। जलवायु परिवर्तन **तापमान, वर्षा और हवा के पैटर्न** में परिवर्तन करके इन प्राथमिकताओं को बाधित कर सकता है।
  - **हवा की गति** संबंधी कारक घोंसला स्थल चयन के लिये महत्त्वपूर्ण है और गति में परिवर्तन **घोंसले के निर्माण तथा चूजों के पालन-पोषण** को प्रभावित कर सकता है।

---

## 14वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस

भारत के राष्ट्रपति ने हाल ही में नई दिल्ली में **14वें** राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह को संबोधित किया, जिसके साथ **वर्ष 2023 के दौरान चुनावों के संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये** राज्य और ज़िला स्तर के अधिकारियों को वर्ष 2023 के लिये सर्वश्रेष्ठ चुनावी अभ्यास पुरस्कार प्रदान किये।

- वर्ष 2011 से भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिये **प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस** मनाया जाता है।
  - **राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2024 की थीम 'वोटिंग जैसा कुछ नहीं, मैं निश्चित रूप से वोट करता हूँ (Nothing Like Voting, I Vote For Sure)' है।**
- इस कार्यक्रम के **एक भाग के रूप में आम चुनाव 2024 के लिये ECI पहल** का भी अनावरण किया गया।
  - चुनाव आयोग द्वारा अब तक **17 आम चुनाव** और **400 से अधिक विधानसभा** चुनाव कराए जा चुके हैं।

# भारत निर्वाचन आयोग
# (Election Commission of India-ECI)



**ECI**

- **एक स्वायत्त संवैधानिक निकाय है जो भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं का संचालन करता है।**
- **लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव का संचालन**
- **स्थापना- 25 जनवरी 1950 (राष्ट्रीय मतदाता दिवस)**

## संवैधानिक प्रावधान

**भाग XV-अनुच्छेद 324 से 329**

## संरचना

- **1** मुख्य चुनाव आयुक्त और **2** चुनाव आयुक्त राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये जाते हैं
- **कार्यकाल- 6 वर्ष, या 65 वर्ष** की आयु तक, जो भी पहले हो
- **सेवानिवृत्त चुनाव आयुक्त- सरकार द्वारा पुनर्नियुक्ति के लिये पात्र।**
- मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाना- सदन की कुल संख्या के **50%** से अधिक के समर्थन से उपस्थित और मतदान करने वाले **2/3** सदस्यों के बहुमत के साथ सिद्ध कदाचार या अक्षमता के आधार पर प्रस्ताव

## प्रमुख भूमिकाएं और जिम्मेदारियाँ

- चुनावी निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण
- मतदाता सूची तैयार करना और समय-समय पर उसका पुनरीक्षण करना
- चुनाव कार्यक्रम और तारीखों को अधिसूचित करना
- **राजनीतिक दलों को पंजीकृत करना और उन्हें राष्ट्रीय या राज्य दलों का दर्जा देना**
- राजनीतिक दलों के लिये **आदर्श आचार संहिता (एमसीसी)** जारी करना
- सांसदों की अयोग्यता से संबंधित मामलों पर राष्ट्रपति को सलाह देना

## चुनौतियाँ

- **मुख्य चुनाव आयुक्त का छोटा कार्यकाल**
- **नियुक्तियों में कार्यकारी प्रभाव**
- **वित्त के लिये केंद्र पर निर्भरता**
- **स्वतंत्र स्टाफ की कमी**



**और पढ़ें:** [मतदान प्रतिशत में वृद्धि]

---

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/27-01-2024/print